# S.D. SARVHITKARI VIDYA MANDIR
AFFILIATED TO CBSE, DELHI

Senior Secondary

TALWARA TOWNSHIP, Hsp. (Pb.)

सर्वहितकारी

**31 years**

# सर्वहितकारी समाचार

e-mail : svmtalwara@yahoo.com
Pl. visit us : www.svmtalwara.org
Contact 01883-236298

संकलन कर्ता : साहित्य परिषद्

जनवरी से मार्च 2016


## मेधावी विद्यार्थियों की कार्यशाला मलेरकोटला में हुई सम्पन्न

**4 से 10 फरवरी 2016**

बोर्ड परीक्षा के उपलक्ष्य में मेधावी छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब की ओर से मलेरकोटला में सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यामन्दिर से दसवीं के विद्यार्थियों जतिन शर्मा, रज्जू शर्मा, दीक्षा तथा कुसुम गोरा, कक्षा बारहवीं से मनदीप शर्मा तथा विनित शर्मा ने भाग लिया। कार्यशाला की समय सारणी में प्रतिदिन विद्यार्थियों के जहाँ विषयानुसार कालाँश लगते, वहाँ मोटिवेशन सैशन, स्वाध्याय, चर्चा-परिचर्चा तथा खेल जैसे कालांश भी लगाए जाते थे। इस अवसर पर प्रान्तीय संगठन मन्त्री श्री विजय नड्डा, प्रेम सिंह (कॉआर्डिनेटर कल्पना चावला लैब आई.आई.टी. कानपुर), डॉ० वसुधा अग्रवाल (पी.एच.डी. मनोविज्ञान), सी.एस. तलवार (आई.ए.एस, सचिव रैडक्रॉस पंजाब सरकार) के द्वारा विद्यार्थियों को क्रमश: जीवन में कड़ी मेहनत, शिक्षण सहायक सामग्री से शिक्षा को रुचिकर, समय प्रबंधन तथा स्वामी विवकानन्द के प्रेरक प्रसंगों द्वारा प्रेरित किया।

## भारत माता पूजन से मनाया गणतन्त्र दिवस

*** इकलौती बेटियों ने लहराया तिरंगा**

**26 जनवरी 2016**

सैनिक शिक्षा परिषद् द्वारा गणतन्त्र दिवस पर 'भारत माता पूजन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के समूह विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा भारत माता के समक्ष पुष्प अर्पित करके विश्व कल्याण की कामना की गई। इस दौरान प्राचार्य देशराज शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत की विश्व में एक अपनी पहचान है आने वाला समय गौरवमयी होगा तथा भारत एक बार फिर विश्व गुरु के सिंहासन पर विराजमान होगा। इस अवसर पर तिरंगा फहराने की रसम विद्यालय की बहनों सीमा व वन्दना, अपने माता-पिता की इकलौती बेटियों द्वारा की गई। एन.सी.सी. कैडिटों द्वारा शानदार मार्चपास्ट किया गया ।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

*** भारतीय वैज्ञानिकों को समर्पित**

**28 फरवरी 2016**

विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने हेतु विद्यालय के साईंस क्लब द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सैमीनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य देश राज शर्मा ने सैमीनार दौरान विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति ने मानव को जीने के लिए प्राकृतिक संसाधनों से नवाजा है। प्रत्येक कार्य को करने के लिए हम कहीं न कहीं विज्ञान का प्रयोग करते हैं। ऐसे ही प्रसंग व्यक्ति को आगे बढ़ने में सहायता करते हैं। विद्यार्थियों में भैया विनायक, गोरांग तथा बहन निष्ठा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारत विद्या व तकनीक का केन्द्र रहा है। यदि हम प्राचीन धार्मिक ग्रन्थों पर भी दृष्टिपात करें तो जिन चमत्कारों का उल्लेख उनमें मिलता है वो कहीं न कहीं विज्ञान से जुड़े हुए हैं। बहन अक्षिता व शबनम ने महान गणितज्ञ वराह-मिहिर, रमन प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्योतिष शास्त्र, खगोल परिचय, पंच सिद्धांत में वराहमिहिर की भारत में अनमोल देन है। रमन प्रभाव बताता है कि समुद्र का रंग प्रकाश की तरंगों के कारण, फैलने से बनता है। इसके लिए इन्हें नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। अन्त में बहन काजल ने कहा कि विज्ञान मनुष्य के लिए वरदान भी है और अभिशाप भी। इस लिए विज्ञान की शक्ति का प्रयोग हमें सकारात्मक रूप में करना चाहिए।

**भारतीय नव वर्ष विक्रमी सम्वत् 2073**
**चैत्र मास शुक्ल प्रतिपदा तदानुसार**
**8 अप्रैल 2016 की आप सभी को**
**हार्दिक शुभकामनाएँ**
**आओ हम सब भारतीयता पर गर्व**
**करते हुए वसुधैव कुटुम्बकम् के**
**मन्त्र को सार्थक करें।**

## मंगल कामना समारोह

***शुभम व भारती को मिला बैस्ट छात्र-छात्रा का खिताब**

*** विद्यालय को वाटर कूलर किया भेंट**

**23 फरवरी 2015**

विद्यालय शिक्षा, विद्यार्थी जीवन के विकास का मूलाधार है जो उसके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक गुणों का समावेश करती है। विद्यार्थी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त सर्वश्रेष्ठ नागरिक एवं सच्चे देश भक्त के रूप में अपनी भूमिका निभा सके इसके लिए कक्षा ग्यारहवीं के भैया/बहनों ने बारहवीं के भैया/बहनों के लिए 'मंगल कामना समारोह' का आयोजन किया। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं की ओर से कक्षा बारहवीं के सभी विद्यार्थियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर ग्यारहवीं कक्षा ने बारहवीं की भारती व शुभम मनहास को श्रेष्ठ छात्र-छात्रा के खिताब से नवाजा। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रो० गुरचरण सिंह ने कहा कि विद्या मन्दिर के विद्यार्थी होने के नाते यह आपका दायित्व बनता है कि यहां मिले संस्कारों को आप अपने जीवन में सदा याद रखें। प्रिं० देशराज शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी में उद्यम, साहस, धैर्य, शक्ति, बुद्धि व पराक्रम छ: गुणों का होना अनिवार्य है वही विद्यार्थी जीवन की उँचाइयों को सफलता पूर्वक प्राप्त कर सकता है और सफलता भी उसी व्यक्ति के कदम चूमती है। इस लिए अवगुणों को त्याग कर व्यक्ति को सद्गुणों को अपनाना चाहिए। बारहवी कक्षा ने विद्यार्थियों के लिए ठण्डे पेयजल हेतु वाटर कूलर भेंट किया।

## स्वामी विवेकानन्द जयन्ती

*** आध्यात्मिक गुरु थे विवेकानन्द**-*इंजि० सूद*

**12 जनवरी 2016**

राष्ट्रीय युवा दिवस पर एन.एस.एस. युनिट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंजि० कृष्ण कान्त सूद ने कार्यक्रम दौरान विद्यार्थियों व अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जागो, उठो, चलो और तब तक चलते रहो जब तक तुम्हें अपनी मंजिल प्राप्त न हो जाए। ऐसी विचारधारा के प्रवर्तक स्वामी विवेकानन्द जी हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं विदेशों में भारतीय संस्कृति की सुगन्ध बिखेरने वाले स्वामी जी इतिहास के प्रकांड विद्वान थे। उनका विचार था कि किसी भी देश के विकास की मूल कुंजी उस देश के युवाओं के पास होती है। कार्यक्रम दौरान सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत के मार्ग पर चलने का संकल्प किया गया।

## सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती

**23 जनवरी 2016**

भारत के गौरवमय इतिहास के निर्माता महा-पुरुषों की जीवन गाथाएं सदैव से हमारे लिए प्रेरणा-स्रोत व श्रेष्ठतम मार्गदर्शक सिद्ध हुई हैं। सुभाषचन्द्र बोस भी उन महान व्यक्तित्वों में से एक हैं, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक व आत्मिक रूप से देश के लिए समर्पित हो गए। उनके जन्म दिवस पर छात्र-छात्राओं को रोचक व प्रभावात्मक ढंग से उनके गुणों से अवगत करवाया। कार्यक्रम के आरम्भ में दशम् कक्षा की बहन कुसुम गौरा ने अपने पूर्वजों के अध्ययन की महत्ता, महापुरुषों की जीवनियों का पठन करने की आवश्यकता सम्बन्धी व नेता जी का प्रारम्भिक जीवन यात्रा के बारे में बताया। अष्टम् कक्षा की बहन निष्ठा ने नेता जी के जीवन के प्रत्येक तथ्यों सम्बन्धी छात्रों को अवगत करवाया। इसके पश्चात नवम् कक्षा की बहन प्रगति ने देश-भक्ति सम्बन्धी उत्साहवर्धक कविता के माध्यम से समय बाँधा। अष्टम् कक्षा की बहन आश्रिता ने नेता जी के जीवन के एक प्रसंग द्वारा छात्रों को दृढ़ निश्चय की शक्ति के बारे में बताया। कार्यक्रम के अन्त में छात्रों को बताया गया कि इन महान व्यक्तित्वों के जीवन व जीवन तथ्यों को स्मरण करना महत्त्व नहीं रखता, बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन में प्रयोग में लाना कहीं अधिक लाभदायक होगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं व अध्यापक-गण मौजूद थे।

## चित्रकला प्रतियोगिता

*** जल संसाधन मंत्रालय ने अर्शदीप को किया सम्मानित**

**3 जनवरी 2016**

जल बचाओ, जीवन बचाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सैंट्रल ग्राऊँड वाटर बोर्ड चण्डीगढ़ द्वारा करवाया गया। पंजाब भर से 44 हजार छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर जल के महत्व को अपनी चित्रकला के माध्यम से चित्रित किया। छठी के भैया अर्शदीप ने इस प्रतियोगिता में 17वां स्थान प्राप्त किया। जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रान्त के प्रथम 50 चयनित विद्यार्थियों को रोपड़ में सम्मानित किया, जिसमें भैया अर्शदीप को एक हजार रु. की नकद राशि, किट बैग, कलर किट देकर सम्मान दिया गया।

## निबन्ध प्रतियोगिता में काजल एवं अदिति शर्मा पंजाब में रही प्रथम

*** 888 विद्यार्थियों ने लिया भाग**

23 जनवरी 2015

निबन्ध लेखन गद्य-साहित्य की एक विधा है अत: विद्यार्थियों में इस विधा के प्रति निपुणता एवं कौशलता लाने के उद्देश्य से विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान के अन्तर्गत संस्कृति बोध परियोजना द्वारा अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें शिशु वर्ग ने 'हिमालय के तीर्थ स्थल', 'यमराज को पराजित करने वाली स्त्री सावित्री', बाल वर्ग द्वारा 'मर्यादा रक्षक राम', किशोर वर्ग द्वारा 'सम्वत् प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य तथा शालीवाहन' तरुण वर्ग द्वारा 'नारी सशक्तिकरण' जैसे विषयों पर निबन्ध लिखकर 888 भैया/बहनों ने अपनी प्रतिभा का प्रकटीकरण किया ।

प्रान्तीय स्तर तक के परिणाम अनुसार तरुण वर्ग की काजल शर्मा व किशोर वर्ग की अदिति शर्मा ने प्रथम, आकृति बडियाल (किशोर वर्ग) व गरिमा शर्मा (बाल वर्ग) ने द्वितीय तथा शिशु वर्ग की आस्था सचदेवा ने तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय एवं अभिभावकों के नाम को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से विजेताओं एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई।

## वसंत पंचमी साप्ताहिक पर्व

***नवदम्पतियों ने हवन में डाली पावन आहुतियाँ**

**5 से 12 फरवरी 2016**

ऋतुओं के सरताज वसन्त के आगमन पर नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा परिषद् द्वारा विद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित विजय शर्मा की अध्यक्षता में नवदम्पतियों का स्वागत किया गया तथा उनके आगामी जीवन की सुखद व आनन्द-दायक यात्रा की कामना की गई। सभी नवदम्पतियों ने हवन यज्ञ में पावन अहुतियां डाल कर माँ सरस्वती का पूजन किया। हवन यज्ञ उपरान्त प्राचार्य देशराज शर्मा ने कहा कि वसन्त नवजीवन के संचार का सन्देश तथा पौधों, वनस्पतियों का अंकुरित होना, पीले फूलों की मुस्कराहट तथा बलिदानियों का स्मरण करवाने वाला पर्व है। शिशु विभाग प्रमुख कंचन बाला ने नवदम्पतियों से वार्तालाप करते हुए कहा कि गर्भादान से पूर्व ही शिक्षा शुरु हो जाती है। इसलिए हमें अपने परिवारों में अनौपचारिक शिक्षा के लिए सद्-साहित्य, अच्छे विचार, देशभक्ति, के प्रसंग तथा धार्मिक, सामाजिक गतिविधियों को सकारात्मक रूप से निभाना होगा। यही संस्कार आने वाली सन्तान पर पड़ते हैं। कार्यक्रम प्रमुख अशोक कुमार तथा ऊषा रानी ने साप्ताहिक चलने वाले कार्यक्रमों में पतंग प्रतियोगिता, सरस्वती पूजन व अभावग्रस्ती के प्रति समर्पण आदि विषयों की सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की।

## प्रान्त स्तरीय 'जल ही जीवन' विषय पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

*** आस्था व आरुशी प्रान्त में रही द्वितीय व तृतीय**

*** 1100 रु. का मिला नकद पुरस्कार**

**27 फरवरी 2016**

श्री प्रकाश राय कौशल्या देवी यादगारी ट्रस्ट व शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा पूरे पंजाब प्रान्त में जल ही जीवन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें पूरे पंजाब के 14 जिलों से 1441 तथा विद्यामन्दिर तलवाड़ा से 257 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय स्तर में जूनियर वर्ग से आस्था प्रथम, रिधिमा व शिवालिका द्वितीय, अर्पित संधु तृतीय तथा सीनियर वर्ग से आरुशी, अंशिका व कृतिका क्रमश: पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय स्तर में प्रथम आने पर छात्रा आस्था व अरुशी को प्रान्त की प्रतियोगिता के लिए चुना गया। प्रान्त में क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रहकर इन दोनों छात्राओं ने जहाँ स्कूल का नाम रोशन किया वहीं पूरे प्रान्त को गौरवान्वित किया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह दौरान श्री अविनाश राय खन्ना, सांसद राज्य सभा ने चित्रकला प्रतियोगिता की दोनों विजेताओं को 1100/- रु. का नकद पुरस्कार, मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जल प्रकृति की अनमोल धरोहर है। श्री खन्ना ने कहा कि कई स्थानों पर पीने के पानी की उपलब्धता भयानक रूप से कम होती जा रही है। राजस्थान के जेसलमेर जैसे स्थानों में गर्मी के मौसम में तापमान 50 डिग्री तक पहुँच जाता है। वर्तमान समय में पानी की बचत केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे संसार के लिए एक चुनौती बन गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को रोजाना जिन्दगी के अनेकों उदाहरण देकर जल बचाने हेतु टिप्स देते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि सर्वहितकारी के विद्यार्थी जल संरक्षण हेतु प्रयासरत हैं प्रिं० देशराज शर्मा ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जल संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है दूसरों को जागरूक करते हुए हमें भी जल बचाने के प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम दौरान तलवाड़ा नगर पंचायत प्रधान डॉ० ध्रुब सिंह, प्रो० दलवीर सिंह मल्ली, प्रिं० जे.आर सोनी, श्री मुनीष कश्यप संजीव तलवाड़ तथा अशोक सभ्रवाल सहित कई अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमीनार
*** महिला की प्रतिष्ठा भारतीय मूल्यों द्वारा ही सम्भव**

**8 मार्च 2016**

समाज व राष्ट्र को संतुलित करने में स्त्री व पुरुष दोनों का बराबर का योगदान रहता है। उक्त विचार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित सैमीनार दौरान मातृ भारती की उप-प्रधान श्रीमती वन्दना ने व्यक्त किए। छात्राओं व महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि महिलाओं का, देश की उन्नति में विशेष योगदान रहा है। लेकिन महिला की प्रतिष्ठा भारतीय मूल्यों द्वारा ही सम्भव है। भयमुक्त होकर ही महिला समाज को सही दिशा देने में सक्षम होगी। वर्तमान समय पर नज़र दौड़ाएँ तो आज की नारी किसी क्षेत्र में पीछे नही रही। मातृ भारती की संयोजिका श्रीमती अंजू शर्मा ने कहा कि महिला समर्पण भाव से अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करें तो उसे अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा बल्कि यह अधिकार उसे स्वयं ही प्राप्त हो जाएंगे। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिका नेहा ने अपने गीत 'बाबुल प्यारे' तथा ऊषा शर्मा ने 'लम्बी डगर है पर हिम्मत है संग' के माध्यम से महिलाओं की शक्ति का व्याख्यान किया। सैमीनार के अन्त में बालिका शिक्षा प्रमुख श्रीमती आशा रानी ने आए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया ।

## सामाजिक व्यवस्था में महिला एवं पुरुष एक दूसरे के पूरक-विद्यासागर

**12 मार्च 2016**

परिवार पारिवारिक एवं सामाजिक व्यवस्था को आदर्श रूप देने में महिला व पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं। परिवार समझौते से नहीं बल्कि विश्वास से विकसित होते हैं। यह विचार प्रसिद्ध व्यवसायी विद्यासागर ने प्रस्तुत किए। बालिका शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रम दौरान राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं की एलबम स्कूल को सोंपते हुए उन्होंने कहा कि पुरुष प्रधानता को समाप्त करके महिलाओं को उचित स्थान मिलना ही चाहिए। स्कूल की विशेषताओं का जिक्र करते हुए श्री सागर ने कहा कि विद्यालय बालिकाओं के विकास के लिए अलग मंच प्रदान करके उनके नेतृत्व को उभारने का सराहनीय प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर बालिका शिक्षा प्रमुख आशा ठाकुर तथा मातृ भारती की संयोजिका श्रीमती अंजू शर्मा ने कहा कि भारतीय महिलाओं में इतनी शक्ति है कि वे अधिकारों के आधार पर नहीं बल्कि कर्तव्य परायणता के आधार पर विश्व की महिलाओं से अग्रणी स्थान रखती हैं। कार्यक्रम दौरान महिलाओं के सम्मान में श्री राकेश मल्होत्रा तथा विद्यासागर ने विद्यालय को एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## अन्तर्सदनीय पुरस्कार वितरण समारोह
***275 विद्यार्थी हुए सम्मानित**

**20 मार्च 2016**

शैक्षिक सत्र के परिणाम की घोषणा वर्ष भर की मेहनत की उपलब्धि है, सत्र 2015-16 के कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष भर 27 परिषदों के माध्यम से इस सत्र में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे पोस्टर मेकिंग, चार्ट मेकिंग, प्रश्न मंच, मेंहदी प्रतियोगिता, मॉडल मेकिंग, पतंग बाजी, कैंडल व दिया मेकिंग, पेपर रीडिंग व स्लोगन आदि अनेकों प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शिशु वाटिका से 36, निम्न प्राथमिक विभाग से 43, उच्च प्राथमिक विभाग से 53, माध्यमिक विभाग से 65 तथा सी. सकै. विभाग से 78 विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया।

## सर्वहितकारी लिपिक वर्ग तीन दिवसीय कार्यशाला
***प्रान्त से 45 लिपिकों ने लिया भाग**

**21 से 23 फरवरी 2016**

सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब शैक्षिक गतिविधियों की गुणवत्ता बढ़ाने, शैक्षिक स्तर को निखारने के लिए अध्यापकों के समय-समय पर शिक्षण-प्रशिक्षण की योजना करती है इसी क्रम में कार्यालय व्यवस्था अति उत्तम हो इसी दृष्टि से कार्यालय लिपिकों के लिए भी तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रान्त के विभिन्न विद्यालयों से 45 लिपिकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रिं० देशराज शर्मा, संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास उत्तर क्षेत्र द्वारा किया गया तथा समापन मान्यवर विजय नड्डा संगठन मन्त्री सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब जी के आशीर्वचनों से हुआ। वर्ग में श्री यशपाल गोयल अध्यक्ष सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब, डी.के. शारदा सी.ए., श्रीमती डिम्पल लॉ ऑफिसर बी.बी.एम.बी. तलवाड़ा ने कार्यशाला दौरान अलग-अलग सत्रों में लेखा व्यवस्था, कार्यालय प्रबन्धन व नियमों सम्बन्धी लिपिकों का मार्गदर्शन किया। महामन्त्री अशोक बब्बर व प्रशिक्षण प्रमुख ओम प्रकाश पांडे की देख रेख में कार्यशाला सम्पन्न हुई।

## तीन दिवसीय आचार्य/दीदी प्रशिक्षण

**24 से 26 मार्च 2016**

परिवर्तन प्रकृति का नियम है। परिवर्तनशील व्यक्ति ही आगे बढ़ने में सक्षम होता है। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विस्फोटक बदलाव के चलते समय-समय पर अध्यापक का प्रशिक्षण अनिवार्य हो गया है। इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए प्रशिक्षण परिषद् द्वारा तीन दिवसीय आचार्य /दीदी प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। परिषद् प्रमुख इन्दु ठाकुर की देख रेख में चलने वाले प्रशिक्षण के अन्तर्गत पाठ-योजना सलाईड (PPT), सुन्दर लेखन कौशलता, शिक्षण सहायक सामग्री, कम्यूनिकेशन स्किल तथा सी.सी.ई. प्रणाली आदि पर गहन चर्चा होगी।

## समर्पण दिवस मनाया
***1,29,247 रु. की राशि भेजी**

**12 फरवरी 2016**

आज देश की 18 करोड़ आवादी मलिन बस्तियों, झुग्गी-झोंपड़ियों एवं दुर्गम वन प्रदेशों में जीवन व्यतीत कर रही हैं। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के द्वारा केवल नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में ही नहीं बल्कि गिरि-कन्द्राओं, अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं एवं झुग्गी-झोंपड़ियों में भी ज्ञान के दीप प्रज्जवलित किए जा रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में विद्यालय के आचार्य-दीदी, भैया-बहनों व अभिभावकों द्वारा अपने सामर्थय अनुसार समर्पण राशि इक्ट्ठी करके भेजी गई ताकि बनवासी, जनजाति व उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र तथा देश के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में संचालित विद्यालय, संस्कार केन्द्रों को संचालन में सहयता प्रदान की जा सके।

## Brilliant Student Scholarship Exam Conducted

***Shubham +2 gets cash prize of Rs. 1600**
***Kusum 10th gets cash prize of Rs. 1500**
***Vinayak 5th gets cash prize of Rs. 800**

**24th January 2016**

To Develop spirit of Competition and to motivate brilliant students of Punjab & Himachal schools a Scholar-ship Examination was conducted in the Vidya Mandir on 24th January 2016 under the guidelines of "Pracheen Shiv Mandir Management Committee Kathgarh, Distt. Kangra (H.P.)-a voluntary organisation. Total 98 brilliants students from different school appeared in this examination. Out of those 50 students appeared from Vidya Mandir . Result is as under :

Following 11 student got high ranks in the Merit List.

Class +2 Shubham Minhas ( 3rd)

Class 10th: Kusum Gaura (1st), Shubham Sharma (4th), Anurag (7th), Rajju Sharma (11th), Raghav Sharma (25th), Shubham Chaudhary (26th) Maridul Sharma (27th)

Class 5th :Vinayak Sharma (2nd) Anamika Pathania (15th) & Nitika (18th).

They were honoured on 20th March 2016 with Cash Prize, an Appreciation Certificate and Medal/Momentos by the Principal Desh Raj Sharma.

## Teachers' Excursion

**27 to 30 March 2016**

Tours & Excursions to historical places, monuments and religious places play an important educative role in our life and put our knowledge on firm footing because these give us first hand experience. With this objective in view like previous years, school staff decided to organise an educative excursion to the Mount Abu, religious places and other worth seeing places of Rajasthan.

## Kite Making / Kite Flying Competition

*** 370 Students participated**

3rd February 2016

Diversity of India is vast and great. It is not only in face, figure, food and geography but also in fairs and festivals. These fairs and festivals add 'Colour and Variety' in life. One such festival is that of 'Basant' when there is new and fresh spring of life in Nature. On this occasion a Kite making competition was organised in upper Primary Deptt. in which 302 students participated and displayed their kite-making dexterity. Priyanka (IV-C) Sarthak & Nitika (V-B) and Prince (IV-B)bagged first, second and third positions respectively.

On the other hand 68 students from middle, high and secondary deptt. participated in kite flying competition, which lasted for two hours. In this tough competition ultimately three students namely Kajal (+2B), Dhawan (+2A) and Nitin (X) were declared as joint winners. They were applauded by the other students and teachers.

## World Mother Language Day Celebrated

**21st February 2016**

Koel sings its melodious songs in its own language hence flies freely. Parrot mimics language of other without actually understanding hence remains imprisened in cage. Thus as long as one holds fast to one's own language it is as if one has key to open the prison. One's mother tongue/ language comes spontaneously and in it one can express ones thoughts and feelings without any hitch. It emanates from the heart and directly hits the listener's heart. It is the best medium through which we remain united together and can derive inspiration from our rich cultural heritage replete with the contribution of our great men. To create awareness about the importance of mother language World Mother Language day was celebrated in this Vidya Mandir. Students and Teachers came to the Vidya Mandir dressed in dress of different states and greeted each other using language of respective states reflecting unity in diversity of India (Akhand Bharat). On this occasion Principal Desh Raj Sharma said that as per our constitution there are 22 main National Languages and variety of dialects. All these are inter-related and inter dependent like multi-coloured beads of a necklace having a common strand of Indianness passing through them. He exhorted that it is good to learn as many languages as possible to give the message of universal brotherhood but we should pay special regard for our own mother language so that we may remains rooted to our mother land/ Matri Bhoomi and we should be proud of it.

## Vishakha Tops Online Digital India Contest

*** Felicitated by Ravi Shankar Parsad, Hon'ble Minister of Communication & Information Technology**

3rd February 2016

During the "Digital India Week" An All India Online Competition on the theme "Cyber Safety and Cyber awareness" was conducted under the direction of Central Ministry of Communication and Information, in which Nine Lac students from all over India participated. Four topper were selected from each state. Total 144 from whole of India were declared successful. Vishakha (VIII) topped in Punjab state and won laurels for the state and the school and glorified the name of her parents, teacher and the Principal. She was honoured by Sh. Ravi Shankar Pasrsad (Minister Communication and Information Technology) in a grand function organised in Delhi. Sharing her experience Vishakha most humbly and gracefully gave the whole credit to her teachers and the Principal for motivating her to participate in such competitions. She advised the students to participate in all competitions. They should not shy away from such activities. No participation means accepting defeat at the very first step. Only participation leads to success/victory. Principal and staff congratulated Vishakha & her parents for her wonderful achievement.

## 18th SOF National Science Olympiad

*** Dhruv gets 24th International Rank**

*** 110 Students appeared**

**20th October 2015**

To develop scientific attitude and skill and to promote spirit of confidence and competition among students 18th SOF National Science Olympiad, was conducted in Vidya Mandir on 20th October 2015, by Science Olympiad Foundation (SOF) in Association with British Council.

Results are as follow :-

* Dhruv Behal (class1st) qualified won medal of excellence and cash prize worth Rs. 1000/- and a Merit Certificate.
* Abhinav (class VII) 144th rank and Ankit Chaudhary (VIII) 142nd Rank at state level and qualified, for the second level.
* Tanvi Thakur (II) Arshdeep Singh (VI) Akshit Sharma (X) Navdeep Singh Rachal (XI) Shubham Minhas (XII) all won Gold medal.
* Ujjwal (VIII) Paras Chawla (IX) Kusum Gaura (X) Annanya Sharma (XI) Shivam (XII) all won Silver medal.
* Ashish Thakur (VIII) Aastha Dadhwal (IX) Mansi Thakur(X) Sunidhi (XI) and Shamli (XII) won Bronze medal.

## * Team of SCERT Punjab Visited Vidya Mandir
## * Studied the Qualitative features in Education

**21st February 2016**

SCERT Punjab is seriously endeavoring to bring about a qualitative improvement in the field of education and Teachers' Orientation system. With this objective in view SCERT is studying the working system of best schools in the state. For this purpose a four member team consisting of Dr. Dharam Pal Sahil, Dr. Harcharan Singh, Dr. Manmohan Singh and Dr. Ritu Sharma visited Vidya Mandir. The team deeply and keenly observed the whole working system for the whole day. They appreciated the Science, Computer and Music labs, Library, Smart Classes, Use of IT, NSS, NCC, Red Cross Unit, Various Councils Pedagogic methods, active participation of students and democratic administerative system amalgated with cultural values. In the end the team commented that Vidya Mandir is really an ideal educational institution - a model for others to emulate & appreciated the dynamic leadership and contribution of Principal Desh Raj Sharma and staff for raising the standard of Vidya Mandir to celestial heights & it is really a Vidya Mandir.

## 9th SOF International Mathematics Olympiad

*** 14 Students get Cash Prize worth Rs. 1000/- each**

**23rd November 2015**

To provide 'mental food' to those who excel in mathematics 9th SOF International Mathematics Olympiad was conducted by Science Olympiad Foundation in association with British Council on dated 23rd October 2015 in Vidya Mandir. Out of 109 students 14 students won medal of excellence and cash prize worth Rs. 1000/- .each.

Result is as follow :

* Harsh and Diksha (class II), Kanika, Dipti Gautam, Anchal, Vansh, Dhruv, Jashandeep, Baljinder, Shagun, Pari, Radhika, Arush, Prapti Sharma, Naman Dogra (all Class I) won Gold medal of excellence and cash prize Worth Rs. 1000/- and a merit certificate.
* Anchal Thakur (II) Akshara (I) Anchal Parmar (III) Sonali Chaudhary (V), Sonali (VII) Ankit Chaudhary (VIII) and Vineet Sharma all won Gold medal.
* Anshika Thakur (II) Manish (II) Rohit Kumar (II), Lakshita (II), Ankur (I), Gorang ((V), Arashdeep (VI) all won Silver Medal.
* Simran (I) Sarthak Sharma (V) Janisha (VIII) all bagged Bronze Medal.

Printed at : Bandana Printers, Talwara Phone 238769